FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

**प्रेस नोट सर्विलांस सेल जनपद फिरोजाबाद दिनांक 04.08.2026 ।**

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक राजेश घुनावत के निकट पर्यवेक्षण, क्षेत्राधिकारी साइबर अपराध सुश्री चंचल त्यागी के कुशल नेतृत्व में सर्विलांस सेल एवं जनपद पुलिस टीम द्वारा सीईआईआर (CEIR) पोर्टल पर मोबाइल खोने के सम्बन्ध में दर्ज करायी गयी शिकायतों के आधार पर आवेदकों के 151 मोबाइल (भिन्न-भिन्न कम्पनियों के) अनुमानित कीमत करीब 30 लाख रुपये को बरामद कर आवेदकों के सुपुर्द किया गया ।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के निर्देशन में गुम हुए मोबाइलों की बरामदगी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अनुपालन में, अपर पुलिस अधीक्षक IPS राजेश घुनावत (नोडल CEIR Portal) , अपर पुलिस अधीक्षक नगर व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी साइबर अपराध के कुशल नेतृत्व में सर्विलांस सेल टीम व थानों की पुलिस टीम के साथ समन्वय स्थापित कर आवेदकों द्वारा सीईआईआर पोर्टल, पर अपने मोबाइल गुम होंने के सम्बन्ध में जनपद के समस्त थानों पर दर्ज करायी गयी शिकायतों का संज्ञान लेकर कुल 151 मोबाइल भिन्न-2 कम्पनियों के बरामद कर आवेदकों को सुपुर्द किया गया । बरामद किए गये मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 30 लाख रुपये है । जनपद में अब तक सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से कुल 1747 मोबाइलों को भिन्न-2 जनपद/राज्यों की पुलिस के साथ समनवय स्थापित कर बरामद करते हुए आवेदकों के सुपुर्द किये जा चुके हें। अपने गुम हुए मोबाइल पाकर आवेदकों द्वारा फिरोजाबाद पुलिस का धन्यवाद व्यक्त करते हुए आभार प्रकट किया गया है।

**संक्षिप्त विवरण -**

भारत सरकार द्वारा देश भर में गुम हुए मोबाइलों की शिकायत दर्ज करने हेतु सीईआईआर पोर्टल (CEIR PORTAL - Central Equipment Identity Register) चलाया जा रहा है। जिस पर आवेदक अपने गुम हुए मोबाइल की शिकायत स्वयं दर्ज कर सकते है। मुख्यालय स्तर से गुम हुए मोबाइलों की बरामदगी हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर / ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी साइबर अपराध के कुशल नेतृत्व में सर्विलांस सेल टीम व

थाना पुलिस के सहयोग से कुल 151 गुम मोबाइल भिन्न-2 कम्पनियों के बरामद कर उनके आवेदकों के सुपुर्द किया गया।

**कम्पनियों का विवरण निम्नवत है:-**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वीवो | 48 | रेडमी | 13 | पोको | 3 | लावा | 1 |
| रीयलमी | 24 | टेक्नो | 9 | आईक्यू | 2 | | |
| ओप्पो | 19 | मोटोरोला | 9 | वन प्लस | 2 | | |
| सैमसंग | 17 | इनफिनिक्स | 3 | नथिंग | 1 | | |

**बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-**

1. निरीक्षक श्री मुकेश कुमार प्रभारी सर्विलांस सेल मय टीम जनपद फिरोजाबाद।
2. समस्त थाना प्रभारी/प्रभारी निरीक्षक मय टीम जनपद फिरोजाबाद।